कुएं में कूदकर किशोरी ने की आत्महत्या, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित मनीपुर वार्ड की किशोरी ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर दिया। खोजबीन के बाद किशोरी का शव कुएं से बाहर निकाला गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाए जाने पर फिर कोहराम मच गया। परिजनों ने गांव स्थित बाग में बुधवार को शव का अंतिम संस्कार दिया। नगर के लालगंज के मनीपुर वार्ड निवासी चंद्रभान कोरी की चौदह वर्षीया पुत्री दिव्या कोरी ने बीती मंगलवार की रात गांव स्थित एक कुंए में कूदकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों के अनुसार रात करीब ढाई बजे दिव्या चारपाई पर नहीं दिखी तो उसकी खोजबीन होने लगी। जानकारी होने पर ग्रामीण भी खोजबीन करने लगे। इसी बीच गांव स्थित कुएं के



हत दिव्या कोरी की फाइल फोटो।

पास दिव्या का चप्पल पड़ा देख लोगों ने अनहोनी की आशंका में कुएं में खोजबीन शुरू की तो कुएं के पानी में डूबी दिव्या को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका दो बहन एवं एक भाई हैं। इधर किशोरी की मौत को लेकर लोगों में घरेलू कलह की चर्चा देखी सुनी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया। पीएम के बाद बुधवार की शाम शव घर लाया गया इसके बाद परिजनों ने गांव के बाग में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कारवाई की जायेगी।

आपरेशन सिंदूर की थीम पर पण्डाल सजाने वाले कारीगर सम्मानित



चिलबिला में कारीगरों को सम्मानित करते आयोजक।

प्रतापगढ़। चिलबिला स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में आपरेशन सिंदूर की थीम पर भव्य पंडाल सजाने और आकर्षक विद्युत सजावट करने वाले कारीगरों को मंदिर समिति की ओर से सम्मानित किया गया। कारीगरों को अंगवस्त्र और शील्ड देकर उनके योगदान की सराहना की गयी।

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां का पंडाल आपरेशन सिंदूर की तर्ज पर बनाया गया था। पंडाल को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाने वाले अर्जुन लाइट के कारीगरों और पंडाल निर्माण करने वाले देवी प्रसाद सहित उनकी पूरी टीम को रामलीला समिति के संयोजक दिनेश प्रताप सिंह 'दिन्नू' और मंदिर समिति के व्यवस्थापक रोशनलाल उमरवैश्य ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि वर्ष १९९७ से मंदिर में मां की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों द्वारा भव्य पंडाल सजाया जाता है।

इस बार पंडाल में माता वैष्णो देवी की गुफा की झांकी, ठंडे पानी से होकर गुजरने का अनुभव और भगवान गणेश, हनुमान जी तथा मां के दर्शन की व्यवस्था की गयी थी।

आपरेशन सिंदूर की थीम पर बने पंडाल को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर राजवीर, सचिन, विजय, शनि महाराज, धर्मेंद्र चौरसिया, सोनू महाराज, अमन गुप्ता, राकेश कुमार, आदर्श कुमार, विवेक यादव और सिद्धार्थ सहित कई भक्त मौजूद रहे।

आवास योजना में अपात्रों को लाभ देने की शिकायत सीडीओ से लगायी गुहार

बाबागंज, प्रतापगढ़। स्थानीय विकासखंड की मछेहा हरदोपट्टी ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अपात्रों को लाभ दिये जाने का आरोप लगा है। गांव निवासी सचिन मिश्रा ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराने और अपात्रों के नाम सूची से हटाने की मांग की है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पात्रता सूची में ऐसे लोगों के नाम शामिल हैं, जिनके पास पहले से चार कमरों का पक्का मकान है। उन्होंने लालती देवी सरोज और शिवानी के नाम सूची में शामिल किए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। आरोप है कि उनकी माताओं के नाम हटाकर बेटियों के नाम जोड़े गये हैं। सचिन मिश्रा के मुताबिक, इससे पहले खंड विकास अधिकारी बाबागंज से भी शिकायत की गयी थी, लेकिन कारवाई नहीं हुई। उन्होंने पंचायत भवन पर खुली बैठक कराकर निष्पक्ष जांच कराने तथा वास्तविक पात्रों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

सांगीपुर, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर गांव निवासी जीतलाल सिंह की बेटी प्रियंका सिंह (१७) ने मंगलवार शाम कमरे के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। प्रियंका काफी देर तक कमरे से नहीं निकली तो लोग उसे बुलाने लगे। कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटक रही थी। उसे फंदे से उतारा लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार प्रियंका मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। वह पास के ही एक स्कूल में कक्षा सात में पढ़ाई कर रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पात्रों तक पहुंचे विधिक सहायता और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ-सांभवी

पट्टी, प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बब्बू सारंग के मार्गदर्शन में विकासखंड पट्टी के सभागार में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें लोगों को कानूनी सहायता और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सांभवी ने कहा कि वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक विधिक सहायता और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जरूरी है। लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता को प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के बारे में भी बताया। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि तहसील में प्रार्थनापत्र देकर लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए पहल कर सकते हैं। खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शिविर को उपयोगी बताया। नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह ने कृषक दुर्घटना बीमा सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता इंद्र प्रसाद ने निशुल्क विधिक सहायता, जबकि बिंदेश्वरी प्रसाद पाठक ने सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। पीएलवी मुनीम प्रताप भारती ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी दी। शिविर में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक लोगों का पंजीकरण भी किया गया। संचालन राम प्रकाश पांडेय ने किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी प्रद्युम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

शौचालय में स्वच्छता सामाग्री खरीदने के नाम पर हजारों का भुगतान, शिकायत

लालगंज, प्रतापगढ़। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ अन्तर्गत गांव में शौचालय में स्वच्छता सामाग्री खरीदने के नाम पर हजारों का भुगतान करा लिये जाने के आरोप को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी से शिकायत की है।

विकासखण्ड के ग्राम सभा पूरे फत्ते सिंह अन्तर्गत पूरे गंगाराम गांव के ग्रामीणों ने जिला पंचायतराज अधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रधान प्रशासक एवं सचिव ने मिलीभगत करके सामुदायिक शौचालय में स्वच्छता सामाग्री की खरीद के नाम पर सितंबर एवं अक्टूबर माह में कुल बहत्तर हजार रूपये का फर्जी भुगतान करा लिया। शिकायतकर्ताओं चन्द्रेश कुमार सरोज, रीना, सविता आदि का आरोप है कि सामुदायिक शौचालय में स्वच्छता के नाम पर कोई सामाग्री उपलब्ध नहीं है। शिकायतकर्ताओं ने पूरे प्रकरण की जांच कराकर उचित कारवाई किये जाने की मांग उठायी है।

बंद घर में चोरी का दर्ज हुआ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। पुलिस ने बंद घर का ताला तोड़कर हजारों का सामान उड़ा लिये जाने की घटना को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के मसनी गांव निवासी रवीन्द्र कुमार शुक्ल पुत्र जगदीश शुक्ल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस जुलाई को घर में ताला बंद करके वह दिल्ली में रह रहे अपने पुत्र के पास चला गया था। पीड़ित का आरोप है कि बीती सत्ताईस अक्टूबर को वह घर लौटा तो कमरे का ताला टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती बर्तन, कपड़े आदि सामान उठा ले गये। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानलेवा हमले का वांछित पकड़ा गया, जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। पिता पर जानलेवा हमला करने के आरोप में दर्ज मुकदमें के वांछित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के उप निरीक्षक देवीदयाल कश्यप बुधवार को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे।

इसी दौरान मुखबिर ने वांछित के बारे में सूचना दी। इस पर पुलिस ने घेराबंदी करके कटकावली पंचायत भवन के पास से वांछित धीरज वर्मा पुत्र शंकर लाल वर्मा निवासी कोड़री कटकावली को धर दबोचा।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट की बरामदगी भी की है। एसओ वारिस कसेरा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

विवाहिता को पीटकर घर से भगाया, एफआईआर दर्ज

प्रतापगढ़। कंधई के वारीकला गांव निवासी संजय कुमार पटेल ने अपनी बेटी गुड़िया की शादी कोहंडौर के चंद्रभानपुर निवासी राजकुमार के साथ की थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। उसे दो बच्चे भी हैं। २६ अक्तूबर को एक बच्चे के जन्म समारोह में शामिल होने वह मायके गयी थी। दूसरे दिन शाम को भाई के साथ ससुराल गयी तो गयी लोगों ने उसे मारपीट कर वापस कर दिया। मामले में संजय ने राजकुमार, गुलशन कुमार और चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

सतकर्मा से ही मिल सकती है परमात्मा की कृपा

लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़। स्थानीय विकासखण्ड अन्तर्गत हरिहरपुर कैलहा गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथा श्रवण को लेकर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य पं. गिरीशचंद्र मिश्र ने राजा परीक्षित और शुकदेव से जुड़ी कथा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथाव्यास ने बताया कि सतकर्मा से ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवों के प्रति दया का भाव रखते हुए सदैव सतकर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा के दौरान राधे कृष्ण संकीर्तन से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। मुख्य यजमान रमा मिश्रा एवं शिव प्रसाद मिश्र और गीता मिश्रा एवं देव प्रसाद मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर अजय मिश्र, विनय दुबे, प्रवीण मिश्र, आरूष, शिवम, अमित, शुभम मिश्र आदि ने श्रीमदभागवत कथा का श्रवण किया।

दुकान पर पलटी बेकाबू ट्रक, बाल-बाल बचा दुकानदार का परिवार

रानीगंज, प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र के देल्हूपुर मार्ग पर मिर्जापुर चौहारी मोड़ के पास मंगलवार देर रात करीब ११ बजे बेकाबू ट्रक चाय-नाश्ते की दुकान पर पलट गया। हादसे में दुकान का टीनशेड क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि ट्रक मकान में नहीं घुसा, जिससे दुकानदार का परिवार बाल-बाल बच गया।

मिर्जापुर चौहारी मोड़ पर घनश्याम मोदनवाल चाय-नाश्ते की दुकान चलाते हैं। दुकान के पीछे ही उनका परिवार रहता है। मंगलवार देर रात अचानक अनियंत्रित ट्रक दुकान पर पलट गया। ट्रक पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और मौके पर भीड़ जुट गयी। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने चालक के नशे में होने की आशंका जतायी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



मेडिकल कालेज के सामने गुमटियां हटाने के दौरान जुटे लोग।

खेत पर कब्जे के विरोध में महिला पर फरसे से हमला

अंगूठा काटने का आरोप

प्रतापगढ़। कोतवाली देहात क्षेत्र में खेत पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर महिला पर फरसे से हमला कर अंगूठा काटने और छेड़खानी करने का आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कमईपुर निवासी शालिनी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २५ अक्टूबर की सुबह करीब ११ बजे उनकी मां देवती सिंह खेत की देखरेख करने गयी थीं। आरोप है कि पड़ोसी विजय सिंह, उनके बेटे आशीष सिंह और संजय सिंह खेत जोतकर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। शोर सुनकर शालिनी मौके पर पहुंचीं तो आरोप है कि विजय सिंह ने फरसे से हमला कर दिया, जिससे उनके बाएं हाथ का अंगूठा कट गया और वह बेहोश हो गईं। पीड़िता ने होश आने पर आरोपितों पर छेड़खानी करने और गोबर के घूर में पटकने का भी आरोप लगाया। इसके बाद आरोपितों द्वारा घर में घुसकर उनके पिता का गला दबाने और कारवाई करने पर धमकी देने की बात भी कही गयी है। पीड़िता ने घटना का वीडियो साक्ष्य होने का दावा किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अतुल यादव को सौंपी गयी है।

महिला के नाम से फर्जी आईडी बनायी, मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली देहात क्षेत्र में महिला के नाम से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसकी और परिवार की तस्वीरें एवं वीडियो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में महिला ने अपने रिश्तेदार पर धमकी देने और उसकी शादीशुदा जिंदगी में परेशानी पैदा करने का आरोप लगाया है। बरहुआ भोजपुर निवासी साधना सरोज की तहरीर पर पुलिस ने २७ अक्टूबर २०२६ को अपराध संख्या ०२९७ के तहत मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि जेठवारा क्षेत्र के मनीराम का पुरवा निवासी संजय कुमार ने महिला के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाई। इसके जरिए उसकी, उसकी मां और बहन की तस्वीरें तथा वीडियो प्रसारित किये। आरोपित उसे शादी नहीं करने देने की धमकी भी देता था। पीड़िता के अनुसार, इन हरकतों के कारण उसकी पहली शादी टूट गयी थी। हरीश सरोज से शादी होने के बाद भी आरोपित ने कथित तौर पर अपनी हरकतें जारी रखीं। इससे परेशान होकर ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट, धमकी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

बहनोई पर युवती से छेड़खानी और मारपीट का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

प्रतापगढ़। कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर आशिक गांव निवासी एक युवक ने अपने बहनोई पर छोटी बहन के साथ छेड़खानी, यौन उत्पीड़न और मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता मोहम्मद जैद फारूकी के अनुसार, उनके पिता मुंबई में रहकर आजीविका चलाते हैं। करीब पांच वर्ष पूर्व उनकी बड़ी बहन फरहीन अंजुम की शादी मवई कलां निवासी सुहैल फारूकी से हुई थी। पिछले एक वर्ष से परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी दौरान सुहैल का उनके घर आना-जाना बढ़ गया। युवक का आरोप है कि बहनोई ने उनकी करीब २० वर्षीय बहन फिजा अंजुम के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। वह मौका पाकर उसके कमरे में घुस जाता था और विरोध करने पर मारपीट करता था। साथ ही घटना किसी को बताने पर धमकी भी देता था। पीड़िता ने परेशान होकर अपने भाई को आपबीती बताई, जिसके बाद पुलिस से शिकायत की गयी। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार आरोपित सुहैल फारूकी के विरुद्ध समुचित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक शेषनाथ यादव कर रहे हैं।

राम जन्मोत्सव की संगीतमय कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

कथा व्यास ने सुनायी श्रीराम जन्म की कथा

प्रतापगढ़। नगर के पूर्वी सहोदरपुर स्थित बाग में मानस सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित ३२वें वार्षिक मानस सम्मेलन के अंतर्गत चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन मंगलवार को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पुष्पनंदन जी महाराज ने संगीतमय शैली में भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। कथावाचक ने भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए उनके आदर्शों, मर्यादा, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए आदर्श है। उनके जीवन से सत्य, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और माता-पिता के प्रति सम्मान की सीख मिलती है। संगीतमय कथा ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। राम जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर डा. शिवानी मातनहेलिया, कवि श्याम शंकर शुक्ल, श्याम नरायण सिंह, विनोद कुमार सिंह, संजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सभासद आशुतोष सिंह, रमेश मौर्य, नीरज अग्रहरी, अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भरत मिलाप में हुड़दंग की आशंका में २९ पाबंद

प्रतापगढ़। नगर पंचायत गड़वारा में ३० अक्तूबर को होने वाले भरत मिलाप में हुड़दंग फैलाने की आशंका में पुलिस ने २९ लोगों को पाबंद किया है। भरत मिलाप से पहले इतनी बड़ी संख्या में लोगों को पाबंद किए जाने से बाजार में हड़कंप है।

चौकी प्रभारी सचिन यादव का कहना है कि भरत मिलाप मेले में सुरक्षा और शांति व्यवस्था में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुआ ऐतिहासिक राम-जानकी मेला



जगापुर में राम जानकी मेले का उद्घाटन करते एसओ भूपेश नाथ सिंह।

बाबागंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत हीरागंज बाजार के जगापुर स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर परिसर में बुधवार को ऐतिहासिक राम-जानकी मेले का शुभारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी बाबा गदाधर दास और महेशगंज के नवनियुक्त थानाध्यक्ष भूपेश नाथ सिंह ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया।

बाबा गदाधर दास ने बताया कि मेला छह नवंबर तक चलेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं और दुकानदारों से शांति, अनुशासन और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। मेले में पारंपरिक दुकानों के साथ लकड़ी से बने सामानों की भी बिक्री होती है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी और मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। थानाध्यक्ष भूपेश नाथ सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गये हैं। श्रद्धालुओं और दुकानदारों की सुरक्षा को देखते हुए अस्थायी पुलिस चौकी बनायी गयी है। पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करेंगे, ताकि मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर प्रदीप पांडेय, कुलदीप यादव, दिलीप, शुभम उपाध्याय, अखिलेश धर दुबे, पंकज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

मेडिकल कालेज रोड से हटायी गयीं २० गुमटियां, चार हजार रुपये जुर्माना वसूला

प्रतापगढ़। शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। राजापाल चौराहे से मेडिकल कालेज रोड तक चले अभियान में बुलडोजर से नाली और सड़क की पटरी पर रखी २० गुमटियों को हटाया गया। कारवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध किया और पालिका टीम के कर्मचारियों से बहस भी हुई। टीम ने अतिक्रमण करने वालों से करीब चार हजार रुपये जुर्माना वसूला।

नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में १५ कर्मचारियों की टीम बुलडोजर और चार वाहनों के साथ मौके पर पहुंची। एक बैंक शाखा के आसपास नाली, नाले और सड़क की पटरी तक गुमटियां लगायी गयी थीं। इन्हें हटाने के लिए बुलडोजर चलाया गया। सड़क किनारे ठेले लगाकर कारोबार करने वालों को भी हटाया गया। इस दौरान हंगामे की स्थिति बनने पर मेडिकल कालेज पुलिस चौकी के सिपाही भी मौके पर पहुंच गये। नगर पालिका की टीम ने अनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए दुकानदारों को चेतावनी दी कि करीब एक माह पहले भी अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया था। इसके बावजूद दोबारा दुकानें लगाने पर कारवाई की गयी है। टीम ने स्पष्ट किया कि आगे अतिक्रमण मिलने पर बिना पूर्व सूचना के कारवाई करने के साथ जुर्माना भी वसूला जायेगा। जाम की समस्या दूर करने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार ने अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। सफाई निरीक्षक के अनुसार, शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान सप्ताहभर तक जारी रहेगा।

मेडिकल स्टोर संचालक की पिटायी में दो पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। मेडिकल स्टोर संचालक की पिटायी के आरोप में पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के चांदीपुर भदारी कला गांव के फूलचंद्र विश्वकर्मा सांगीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंहनी गांव में मेडिकल स्टोर चलाते है। आरोप है कि २० अक्तूबर की शाम सिंहनी गांव के ही रमेश सिंह और विशाल ने मिलकर लाठी से मेडिकल स्टोर संचालक फूलचंद्र की पिटायी कर दी, जिससे वह चोटिल हो गये। फूलचंद्र की पत्नी पुष्पा विश्वकर्मा की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानलेवा हमले में पांच पर केस, तीन गिरफ्तार

प्रतापगढ़। रास्ते की रंजिश को लेकर विवाद में मारपीट हुई तो एक पक्ष पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया और तीन को गिरफ्तार कर लिया।

कुंडा कोतवाली के दर्जियाना बरई गांव निवासी मुख्तार अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। मंगलवार सुबह दरवाजे को खोलकर जाने को लेकर विवाद हुआ। वह लोग गालियां देते हुए लाठी-डंडे और राड से हमला कर दिया। इससे वह उसकी पत्नी शाहीन, भाई आशिक को जान से मारने की नियत से हमला किया। घायलों को सीएचसी लाकर इलाज कराया तो आशिक की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने रिफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित मुख्तार की तहरीर पर मो. शमीम, मो.कलीम, मो. शमशाद, मो. शानू, मो. कैफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उसी मामले के आरोपित मो. कलीम, मो. शमीम, मो. कैफ निवासी दर्जियाना बरई को उपनिरीक्षक विनय वर्मा पुलिस टीम के साथ खेमई का पुरवा कच्चे मार्ग के आम के बाग से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी के तीन डंडे बरामद किये। विधिक प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश किया। जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया।

साइबर ठगी के छः पीड़ितों को वापस मिले ३७,६८४ रुपये

प्रतापगढ़। साइबर ठगी के शिकार छह लोगों को प्रतापगढ़ पुलिस ने राहत दिलाई है। जनपदीय साइबर सेल और तीन थानों की साइबर टीमों के प्रयास से पीड़ितों के बैंक खातों में कुल ३७,६८४.१३ रुपये वापस कराये गये। पुलिस ने एमआरएम पोर्टल के माध्यम से धनराशि वापस करायी है।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन और साइबर अपराध के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में २८ अक्टूबर को एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और पीड़ितों के प्रार्थनापत्रों की जांच की गयी। जनपदीय साइबर सेल के साथ मानिकपुर, लालगंज और पट्टी थानों की साइबर टीमों ने शिकायतों पर कारवाई करते हुए पीड़ितों की रकम वापस कराने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, साइबर ठगी की शिकायत मिलने पर समय से कारवाई करना जरूरी है, जिससे पीड़ितों की धनराशि वापस कराने की संभावना बढ़ सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन और बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से भी बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर १९३० पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर भी शिकायत की जा सकती है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और दूसरों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने की अपील की है।

पानी भरे गड्ढे में गिरकर मजदूर की मौत, धान काटने गया था खेत

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के पुरमई सुल्तानपुर गांव निवासी मजदूर सरोज (४०) पुत्र झुरई राम की पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गयी। बुधवार को उसका शव बरामद होने से परिवार में कोहराम मच गया। सरोज पड़ोसी गांव संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोटाभवानीगंज में धान की कटाई करने गया था। बुधवार सुबह उसका सात वर्षीय बेटा भी वहां पहुंचा। धान काटने के दौरान सरोज कुछ दूर स्थित पानी से भरे गड्ढे के पास मछली पकड़ने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान वह गहरे गड्ढे में गिर गया। गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान मिट्टी निकाले जाने से करीब नौ फीट गहरा गड्ढा बन गया था।

तीसरी बार शिक्षक विधायक बने उमेश, समर्थकों ने मनाया जश्न

लालगंज, प्रतापगढ़। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने पर बुधवार को उनके गृह नगर लालगंज में समर्थकों ने खुशी जतायी। लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित उमेश द्विवेदी को लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने रामाबाई मैदान स्थित मतगणना कक्ष में जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।

लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड के मूल निवासी उमेश द्विवेदी पहली बार २०१४ में शिक्षक विधायक चुने गये थे। इसके बाद २०२० और अब २०२६ में लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। उनकी जीत की खबर मिलते ही सांगीपुर वार्ड में समर्थकों ने जश्न मनाया।

लखनऊ पहुंचे समर्थकों ने माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई और बधाई दी। उनकी मां मनोरमा देवी ने बेटे की जीत पर प्रसन्नता जताते हुए शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान जारी रखने की कामना की। छोटे भाई संतोष द्विवेदी के साथ शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी, अधिवक्ता संजय द्विवेदी, महेश द्विवेदी और जनसंपर्क अधिकारी बाबा तिवारी ने भी सम्मानित किया।

वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष लालकृष्ण प्रताप सिंह, गंगा प्रसाद पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्र, राजेशचंद्र तिवारी, डा. राकेश सिंह सहित अन्य समर्थकों ने उनकी जीत पर खुशी जतायी। उन्होंने इसे शिक्षकों के भरोसे की जीत बताया।



सदर तहसील में बाइक रैली निकालते कांग्रेसी।

कांग्रेस ने निकाली 'वोट बचाओ-देश बचाओ' बाइक रैली, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रतापगढ़। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद वसीम के नेतृत्व में बुधवार को 'वोट बचाओ-देश बचाओ' जनजागरण बाइक रैली निकाली गयी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने और मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

कार्यक्रम की शुरुआत इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई। इसके बाद रैली पुलिस लाइन चौराहा, ट्रेजरी चौराहा, भगवा चुंगी और निर्मल चौराहा होते हुए सदर तहसील पहुंची। यहां ज्ञापन सौंपने के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। ज्ञापन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, निर्वाचन आयुक्तों की ओर से दर्ज आपत्तियों की स्वतंत्र जांच कराने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम काटने और फार्म-६ में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गयी। जिलाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से पात्र लोगों के नाम हटाना लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। वहीं मोहम्मद वसीम ने कहा कि मताधिकार की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करना जरूरी है। रैली में वेदांत तिवारी, विजय शंकर त्रिपाठी, राम शिरोमणि वर्मा, रवि भूषण सिन्हा, तनवीर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लालगंज, प्रतापगढ़। समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग उठायी है।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शिवरंजन यादव की अगुवाई में बुधवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने आक्रोश पनप उठा। नारेबाजी करते अधिवक्ता एसडीएम के चेंबर में पहुंचे और समस्याओं को लेकर आक्रोश जताने लगे। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर किसी तरह शांत कराया। इसके बाद महामंत्री शिवरंजन यादव समेत अधिवक्ताओं ने एसडीएम वाचस्पति सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील में अफसरों एवं कर्मचारियों का मनमानी रवैया बना हुआ है। इससे कामकाज में बाधा बनी हुई है। अधिवक्ताओं ने पत्रावलियों के निस्तारण में विलम्ब को लेकर भी क्षोभ जताया।

इस मौके पर अजय शुक्ल गुड्डू, दीपेन्द्र तिवारी, धीरेन्द्र मिश्र, राजकुमार पाण्डेय, विनोद मिश्र, केके शुक्ल, अनिल यादव, बृजराज वर्मा, लाल स्नेहांश प्रताप सिंह, संदीप सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

सूचना-मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष २०२५ अनुक्रमांक २२५६३३६५७२ का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र खो गया है। उत्कर्ष त्रिपाठी पुत्र लक्ष्मी नृसिंघाचार्य त्रिपाठी निवासी अमहरा पट्टी, प्रतापगढ़।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष २०२५ अनुक्रमांक १२५१४२०३१० का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र खो गया है। अभियंत्रक शुक्ला पुत्र आशीष शुक्ला निवासी बिबिया करनपुर, प्रतापगढ़।

कार्यालय ग्राम पंचायत गोविन्दनगर विकास खण्ड-बाबागंज, प्रतापगढ़।

पत्रांक/वी.बी.जी.राम जी/टेण्डर/२०२६-२७ दिनांक २८.१०.२०२६

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत गोविन्दनगर में वी.बी.जी.राम जी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्नांकित कार्यो पर प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, बालू, सरिया, गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट एवं अन्य सामाग्री की आवश्यकता है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामाग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हो तो अपनी दरें सील बंद लिफाफे में दिनांक २९.१०.२०२६ से ०१.११.२०२६ तक सील बंद निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक ०२.११.२०२६ को दोपहर ०२.०० बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

१-पक्की सड़क से राम सुमेर पाल के घर तक इण्टरलाकिंग जिसकी अनुमानित लागत ५५३०४२ एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य ५०० रूपये। २-पक्की सड़क से हरिकेश सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग जिसकी अनुमानित लागत ५५३०४२ एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य ५०० रूपये है।

सुधीर यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी — राधा देवी, ग्राम प्रशासक